DIRECTOR WORKS (EO)

Rajasthan University Of Veterinary & Animal Science, Bikaner (Raj.)

क्रमांकः F( )/DW(EO)/RAJUVAS/2026-27/ 451-64 दिनांकः 28/9/26

श्रीमान् निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, UBN:- VAU2627WSOB00086
राजस्थान, जयपुर।

विषयः— निविदा सूचना सख्यां. 04 वर्ष 2026—2027

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निविदा नोट की आठ प्रतियां हिन्दी भाषा में विज्ञापन हेतु प्रकाशनार्थ सलग्न कर भिजवायी जा रही है। जिनका प्रकाशन नियमानुसार एक मुख्य क्षेत्रीय दैनिक अखबार, एक राज्य स्तरीय दैनिक समाचार पत्र में केवल एक बार कम से कम स्थान पर इनका प्रकाशन कराने का श्रम करे। नोट की व विस्तृत निविदा की सोफ्ट प्रति भी संलग्न सी.डी. में डी.आई.पी.आर की वेब साईट पर प्रकाशन हेतु भिजवायी जा रही है।

प्रकाशन के बिलो की तीन प्रतियां भुगतान हेतु इस कार्यालय को भिजवाने का श्रम करे ।

संलग्नः— उपरोक्तानुसार

भवदीय

प्रतिभा
निदेशक कार्य
राजुवास, बीकानेर

क्रमांकः F( )/DW(EO)/RAJUVAS/2026-27/ 451-64 दिनांकः 28/9/26

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. श्रीमान् वित्त नियंत्रक, राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविधालय, बीकानेर।
2. श्रीमान् कोषाधिकारी, राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविधालय, बीकानेर।
3. अधिक्षण अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग, बीकोनर ।
4. नोड़ल अधिकारी,राजूवास, बीकानेर को विश्वविधालय की वेब साईट पर अपलोड़ करने हेतु।
5. तकनिकी सहायक, निदेशक कार्य (भू.अ), राजूवास को राज्य लोक उपापन पोर्टल (SPPP) राजूवास, बीकानेर को पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।
6. सहायक अभियन्ता I & II, राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविधालय, बीकानेर को प्रषित कर लेख है कि निविदा प्रपत्र अविलम्ब इस कार्यालय में प्रस्तुत करे।
7. लेखापाल / कैशियर
8. ठेकेदार यूनियन, राजूवास / पी.डब्ल्यू डी., बीकानेर।
9. सम्बधित ऑडिटर
10. रक्षित पत्रावली।
11. सूचना पट्ट।

प्रतिभा
निदेशक कार्य
राजुवास, बीकानेर

निविदा सूचना सख्यां. 04 वर्ष 2026–2027

मुख्यालय का नाम		कार्यालय निदेशक कार्य (भू.अ.), राज. पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविधालय, बीकानेर
निविदा का कार्य	:	निर्माण कार्य
निविदाओं की कुल लागत	:	रु. 173.90 लाख
कुल धरोहर राशि(रुपयों में)	:	अनुमानित लागत की दो प्रतिशत
निविदा डाउनलोड करने की तारीख	:	29.09.2026, प्रातः 10.00 बजे से
निविदा जमा कराने की अन्तिम तारीख	:	21.10.2026, सायं 5.00 बजे तक।
तकनीकी बिड खोलने की तारीख व समय	:	22.10.2026, प्रातः11.00 बजे।
प्रथम अपीलीय अधिकारी	:	श्रीमान् कुलसचिव, राजुवास, बीकानेर
द्वितीय अपीलीय अधिकारी	:	माननीय कुलगुरू महोदय, राजुवास, बीकानेर

UBN:- VAU2627WSOB00086

प्रतिभा

निदेशक कार्य
राजुवास, बीकानेर

DIRECTOR WORKS (EO)
Rajasthan University Of Veterinary & Animal Science, Bikaner (Raj.)

(समाचार पत्रों में प्रकाशन बाबत)

क्रमांकः F( )/DW(EO)/RAJUVAS/2026-27/ 451-64 दिनांकः 28/9/26

UBN:- VAU2627WSOB00086

निविदा सूचना सख्यां. 04 वर्ष 2026–2027

राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविधालय, बीकानेर की ओर से विश्वविधालय में विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में, इस विश्वविधालय में एवं अन्य विश्वविधालयों में, राज्य सरकार एवं राज्य सरकार के अधिकृत सगठनों तथा केन्द्र सरकार व केन्द्र सरकार के अधिकृत सगठनों, जो कि राज्य सरकार के उपयुक्त श्रेणी के समकक्ष हो, पंजीकृत संवेदको से खुली निविदा के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में निविदा प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बधित विवरण वेब साईट **www.rajuvas.org, www.sppp.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है।

प्रतिभा

निदेशक कार्य
राजुवास, बीकानेर

DIRECTOR WORKS (EO)

Rajasthan University Of Veterinary & Animal Science, Bikaner (Raj.)

(वेब साईट पर अपलोड करने बाबत)

क्रमांकः F( )/DW(EO)/RAJUVAS/2026-27/ 451-64 दिनांकः 28/9/26

UBN:- VAU2627WSOB00086

निविदा सूचना सख्यां. 04 वर्ष 2026–27

राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविधालय, बीकानेर की ओर से विश्वविधालय में विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में, इस विश्वविधालय में एवं अन्य विश्वविधालयों में, राज्य सरकार एवं राज्य सरकार के अधिकृत सगठनों तथा केन्द्र सरकार व केन्द्र सरकार के अधिकृत सगठनों, जो कि राज्य सरकार के उपयुक्त श्रेणी के समकक्ष हो, पंजीकृत संवेदको से खुली निविदा के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में निविदा प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बधित विवरण वेब साईट **www.dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp, www.rajuvas.org, www.sppp.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र स	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रु. लाखो में	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा शुल्क	धरोहर राशि 2%	प्रोसेसिंग शुल्क
1	Construction of Lecture Hall at Bojunda, Chittorgarh	25.00	06 माह	1,000/-	50,000/-	500/-
2	Construction of Cattle Shed at LRS, Chandan	50.00	09 माह	1,000/-	1,00,000/-	500/-
3	Construction of Cattle Shed at LRS, Nohar	50.00	09 माह	1,000/-	1,00,000/-	500/-
4	Repair and Maintenance Vth and Vith Type Staff Quarter at Candan, Jaisalmer	31.29	06 माह	1,000/-	62,580/-	500/-
5	Repair and Maintenance IVth Type (6 Nos) Staff Quarter at Candan, Jaisalmer	17.61	05 माह	1,000/-	35,220/-	500/-

निविदा प्रपत्रो को वेब साईट www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इन निविदाओं में भाग लेने वाले संवेदक निविदा को इलेक्ट्रोनिक फोरमेंट में वेबसाईट व www.eproc.rajasthan.gov.in पर जमा कराएँ। **राजस्थान सरकार वित (वित्तीय नियम) विभाग के आदेश क्रमांक प. 6 (2) वित/साविलेनि/2018 जयपुर दिनांक 27.06.2024**

निविदा हेतु पात्र संवेदको की श्रेणी :–

किसी भी सीमा तक : एए श्रेणी संवेदक
रू. 10 करोड़ तक : ए श्रेणी संवेदक
रू. 05 करोड़ तक : बी श्रेणी संवेदक
रू. 1.50 करोड़ तक : सी श्रेणी संवेदक
रू. 30 लाख तक : डी श्रेणी संवेदक

(1) संवेदक द्वारा निम्न दस्तावेज अपनी निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है:–
(i) फर्म का पंजीकरण प्रमाण पत्र (नियमानुसार Renew/Review प्रमाण पत्र सहित)
(ii) GST रजिस्ट्रेशन की प्रति संलग्न की जानी आवश्यक है।
(iii) निविदा सूचना के अनुसार धरोहर राशि एवं निविदा शुल्क बैंक में जमा कराने पर प्राप्त रसीद निविदा प्रपत्रो के साथ संलग्न करें।
(iv) संलग्न परिशिष्ठ 'क' के अनुसार 50/– रू के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर घोषणा पत्र।

(2) निविदाता द्वारा धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क निम्नानुसार निदेशक कार्य (भू.अ) राज. पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविधालय, बीकानेर के खाते में दिनांक 29.09.2026 से 21.10.2026 को 5.00 बजे तक जमा करवानी है:–

क्रस	शुल्क का विवरण	शुल्क	भुगतान का प्रकार	बैंक का नाम व खाता संख्या
1	निविदा शुल्क व धरोहर राशि	निविदा में दर्शाये अनुसार	NEFT/R.T.G.S/ NET BANKING	**STATE BANK OF INDIA** **A/C No. 37172263607** **IFSC CODE No. SBIN0032467** **Account Name:- DIRECTOR WORKS (EO)**

(3) निविदा प्रपत्रो हेतु आवेदन/डाउनलोड की अवधि दिनांक 29.09.2026, 10.00 बजे से 21.10.2026, 5.00 बजे तक होगी।

(4) (i) निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 29.09.2026, को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 21.10.2026, को सायः 5.00 बजे तक जमा कराये जा सकते है एवं प्राप्त निविदाये, ईलेक्ट्रोनिक फॉरमेंट में वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर निदेशक कार्य (भू.अ.), राज. पशु चिकित्सा एव पशु विज्ञान विश्वविधालय, बीकानेर में दिनांक 22.10.2026, को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

यदि किसी कारणवंश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदाऐ खोली जायेगी।

(ii) निविदा की समस्त प्रक्रिया ऑन लाईन होगी ।

(iii) निविदा खोलने की तिथि को किसी कारणवंश यदि सारी निविदाऐ नही खोली जा सकती है तो उसके अगले कार्य दिवस शेष निविदाएँ खोलने का कार्य जारी रखा जायेगा।

(5) कार्य करने हेतु स्थल उपलब्ध है।

(6) कार्यो के सम्मुख उपरोक्तानुसार वर्णित कार्यालय में संवेदक द्वारा दिनांक 29.09.2026 से 21.10.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा प्रपत्र को देखा जा सकता है अथवा वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in तथा www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्रो में निविदाकर्ता के लिए योग्यता सूचना तथा निविदाकर्ता की पात्रता, प्लान, स्पेसिफिकेशन, ड्राइंग विभिन्न कार्यो की मात्रा एवं दरों का विवरण, नियम, शर्ते एवं अन्य विवरण वर्णित है।

(7) निविदा खोलने की दिनांक से 50 दिवसों तक निविदा स्वीकृति हेंतु मान्य (open) रहेगी। यदि निविदादाता उस अवधि में अपनी निविदा अथवा शर्तो में किसी प्रकार का संशोधन करता है अथवा अपनी निविदा वापस ले लेता है तो उस धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी।

(8) यदि संवेदक का नजदीकी रिश्तेदार (प्रथम रक्त सम्बन्धी व उनके पति/पत्नि) कार्य से सम्बधित कार्यालय निदेशक कार्य (भू.अ.), राज.पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविधालय, बीकानेर में लेखाकार अथवा सहायक अभियंता से लेकर उच्च स्तर के अभियंता वर्ग तक का किसी भी स्तर पर पदस्थापित हो तो उसके कार्य पर नियुक्त करने पर प्रतिबन्ध रहेगा।

(9) विश्वविधालय में किसी भी इंजीनियर अथवा इंजीनियरिंग या प्रशासनिक कार्य पर नियुक्त राजपत्रित अधिकारी विश्वविधालय अनुमति के बिना सेवानिवृति के 2 वर्ष तक संवेदक अथवा उसके कर्मचारी के रुप मे कार्य नही कर सकेगे। यदि संवेदक अथवा उसके कर्मचारी में कोई ऐसा व्यक्ति जिसने विश्वविधालय की उक्त लिखित अनुमति निविदा जमा कराने से पहले अथवा संवेदक के यहाँ सेवाए लेने से पहले अनुमति नही ली है तो अनुबन्ध रद्द किया जा सकेगा।

(10) किसी भी निविदा को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है। आर.पी.डब्ल्यु ए–100 (आज दिनांक तक संशोधित) की समस्त शर्ते लागू होगी।

(11) संवेदक द्वारा उक्त कार्यो के लिए निर्धारित मशीनरी इत्यादि स्वयं के पास होने या किराये पर लेने का प्रमाण –पत्र देना होगा।

(12) कार्य पूर्ण करने की अवधि में मानसून अवधि सम्मिलित है।

(13) कार्य की लागत (जी अनुसूची में दर्शायी) 10.00 लाख से अधिक राशि पर कार्य के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरियड) का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात मुख्य अभियंता सा.नि.वि. राजस्थान जयपुर के आदेश क्रमांक CE(Bldg)/DLP(Bldg works) D-980 दिनांक 12.10.2012 एवं सडक के लिए क्रमांक D-624 Dated 12.10.2012 (यथा संशोधित) लागू होगा।

(14) संवेदक को निविदा खोलने से पूर्व किसी भी मूल दस्तावेज को भौतिक रूप से जमा करवाने की आवश्यकता नही है।

(15) निविदा में न्यूनतम दरदाता को क्र.स. 1 में दशाये गये दस्तावेजो को मूल रूप से प्रस्तुत करने पर ही उसकी निविदा को प्रोसेस कर कार्योदेश जारी किये जायेगे।

(16) निविदा शुल्क, धरोहर राशि एवं प्रोसेसिंग शुल्क जमा कराने हेतु विशेष निर्देश–

संवेदक को ऑन लाईन निविदा भरते समय साईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर उक्त शुल्क जमा करवाने के option में DD option का चयन कर Instrument No. के स्थान पर बैंक से प्राप्त Transaction ID/UTR Number आदि लिखने होगे तथा Validity अवधि में 3 माह की अवधि की दिनांक अकिंत करें।

(17) राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 एवं सा.नि.वि. एवं लेखा नियम के समस्त प्रावधान लागू होगे।

(18) ई–टेन्डरिंग के लिए निविदादाता हेतु निर्देशः–

(i) इच्छुक निविदादाता निविदा प्रपत्रो का इन्टरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड (download) कर सकते है।

(ii) निविदाओ में भाग लेने वाले निविदादाताओ को पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। ऑन लाइन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सार्टिफिकेट इनफोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 के तहत प्राप्त करना होगा, जो इलेक्टोनिक निविदा में साइन करने हेंतु काम आयेगा। निविदा दाता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सी सी ए (CCA) द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते है। जिन निविदादाताओ के पास पूर्व में वैध डिजिटल सर्टिफिकेट है, उन्हे नया डिजिटल सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नही है।

(iii) निविदादाताओ को निविदा प्रपत्र इलेक्टोनिक फोर्मेट में उपरोक्त वेबसाइट पर डिजिटल साइन के साथ प्रस्तुत करना होगा। जिसके प्रस्ताव डिजिटल साइन के साथ नही होगें, उनके प्रस्ताव स्वीकार नही किये जायेगे। कोई भी प्रस्ताव अकेले भैातिक फार्म में स्वीकार्य नही होगा।

(iv) ऑनलाईन निविदाऐ निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपरोक्त क्रम संख्या–3 के अनुसार खोली जायेगी।

(v) इलेक्टोनिक निविदा प्रपत्रो को जमा कराने से पूर्व निविदादाता यह सुनिश्चित कर लेवे की निविदा प्रपत्रो से संबधित सभी आवश्यक दस्तावेजो की स्केन कॉपी निविदा प्रपत्रो के साथ अटेच कर दी गयी है।

(vi) कोई भी टेंडर इलेक्ट्रोनिकली जमा कराने में किसी कारण लेट हो जाता है तो उसका जिम्मेदार विभाग नही होगा।

(vii) राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम, 2013 के नियम 42 (10) के अनुसार असफल बोली दाताओं की बोली प्रतिभूति का प्रतिदाय सफल बोली की अंतिम स्वीकृति और करार (अनुबन्ध) के हस्ताक्षर करने और कार्य सम्पादन प्रतिभूति प्रस्तुत करने के पश्चात् कर दिया जायेगा।

संलग्नः–

(1) परिशिष्ठ 'क' घोषणा पत्र का प्रारूप (50 रू. के स्टाम्प पर)

(2) वित्त विभाग के आदेश सं. F2(1)FD/G&T(SPFC)Additional P.G. 2017 दिनांक 22.11.2021 के अनुसार Un balanced bid के लिए Additional Performance Security नियमानुसार जमा करवानी होगी।

UBN:- VAU2627WSOB00086

प्रतिभा

निदेशक कार्य
राजुवास, बीकानेर

परिशिष्ठ 'क'
(50 रू. के स्टाम्प पर)

मैं.(नाम) .... (पिता का नाम) .... (उम्र).................. जाति
.... व्यवसाय .... निवासी ....
का हूँ जो कि शपथ पूर्वक यह धोषणा करता हूँ कि–

1. मैं मेरी/हमारी फर्म .... का एक मात्र मालिक/हिस्सेदार हूँ तथा मैं यह धोषणा पत्र हस्ताक्षरित करने हेतु अधिकृत हूँ।
2. मेरी/हमारी फर्म .... विभाग .... में .... श्रेणी में स्थायी/अस्थायी रूप से पंजीकृत है तथा यह पंजीयन आज दिनांक तक वैध है।
3. मेरे द्वारा निदेशक कार्य (भू.अ), राज. पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविधालय,बीकानेर द्वारा जारी निविदा सूचना संख्या .... में वर्णित पात्रता सम्बन्धी समस्त शर्तो का अध्ययन कर लिया है तथा समस्त शर्ते मुझे मान्य है एवं मेरी/हमारी फर्म उक्त निविदा के कार्य क्रम संख्या ....में निविदाऐं भरने हेतु पात्र है।
4. इन कार्यो को करने हेतु मेरी/हमारी फर्म के पास आवश्यक समस्त मशीनरी एवं अन्य संशाधन उपलब्ध है।
5. मेरे द्वारा उक्त निविदा में प्रस्तुत किए गये समस्त दस्तावेज पूर्णतः वैध है तथा समस्त तथ्य सही है। मैंने कोई भी तथ्य छिपाया/घाटाया/बढाया नही है।
6. मेरी/हमारी फर्म केन्द्र/राज्य सरकार के किसी भी विभाग में ब्लेक लिस्टेड नहीं है।
7. मेरी/हमारी फर्म संस्था के किसी कर्मचारी/अधिकारी से नजदीकी रिश्ता नहीं होने का शपथ–पत्र।

उपरोक्त शपथ पत्र के क्र.स. 1 से 6 में वर्णित तथ्य मेरी निजी जानकारी अनुसार सही है जिन्हे मैं सही होना मानता हूँ। ईश्वर मेरी मदद करें।

फर्म का पुरा पताः–...
...
पैन नं. ....
मोबाईल नं. ....
E-Mail:-..
बैंक का विवरण –
बैंक का नाम मय शाखा ....
खाता संख्या ....
IFSC Code ....

(हस्ताक्षर शपथ ग्रहिता)

स्थानः–
दिनांकः–